**आकाशवाणी**

**क्षेत्रीय समाचार एकांश**

**देहरादून उत्तराखण्ड)**

**रविवार 22.06.2025** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी की। 30 जून को यात्रा का पहला दल नई दिल्ली से रवाना होगा।
- केंद्रीय सड़क –परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने अल्मोड़ा में दस दिवसीय कुमाऊं महोत्सव 2025 का शुभांरभ किया।
- विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्रदेश के विभिन्न जिलों में चलाया गया वृहद स्वच्छता अभियान।
- प्रदेश भर में बारिश का क्रंम जारी, राज्य आपदा प्राधिकरण ने सभी जिलों के प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

**समाचार विस्तार से–**

**कैलाश मानसरोवर यात्रा**

पिथौरागढ़ जिले के लिपुलेख दर्रे से पांच साल के बाद शुरू हो रही कैलाश मानसरोवर यात्रा की तैयारियों को प्रशासन ने अंतिम रूप दे दिया है। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने यात्रा की नोडल एजेंसी कुमाऊं मंडल विकास निगम के साथ ही सेना, आईटीबीपी, बीआरओ और स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक कर यात्रा की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने यात्रा को सफल बनाने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि 30 जून को कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला दल नई दिल्ली से रवाना होगा, जिसके बाद पहले दिन दल टनकपुर में रात्रि विश्राम करेगा। दल अगले दिन टनकपुर से धारचूला पहुंचेगा। इसके बाद गूंजी के लिए रवाना होगा। इस वर्ष 2 दिन यात्रियों को गूंजी में रहना होगा जहां वह अपने को उच्च हिमालयी क्षेत्र के मौसम के अनुकूल ढालेंगे।

लंबे समय बाद हो रही कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर क्षेत्रवासियों में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यात्रा शुरू होने से जहां सीमांत क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिलेगा वहीं यहां पहुंच रहे यात्री यहां की संस्कृति और सभ्यता से भी रूबरू होंगे।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कहा कि मजदूरों के लिए कई निर्णय लिए गए हैं साथ ही उनके परिवार के हितों के लिए सरकार काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस दिशा में काफी प्रयास किया है और उत्तराखंड सरकार भी इसी दिशा में आगे बढ़ रही है। ये बातें श्री धामी ने हरिद्वार में भारतीय मजदूर संघ के सम्मेलन के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि सभी को सुविधा मिले।

## कुमाऊं महोत्सव 2025

अल्मोड़ा के राजकीय इंटर कॉलेज खेल मैदान में दस दिवसीय कुमाऊं महोत्सव 2025 का केंद्रीय सड़क –परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री  अजय टम्टा ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूली छात्र छात्राओं की ओर से कुमाऊनी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि कुमाऊं महोत्सव में प्रस्तुत कार्यक्रमों के माध्यम से कुमाऊं गढ़वाल की संस्कृति को भी विशेष पहचान मिलेगी।

महोत्सव में उत्तराखंड के अलावा बाहरी राज्यों के व्यवसायियों द्वारा व्यवसायिक प्रदर्शनी भी लगाई गई हैं।

## स्वच्छता अभियान

बागेश्वर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नगर क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर के तीन प्रमुख स्थलों नुमाईशखेत मैदान, बागनाथ मंदिर–सरयू नदी किनारा और भागीरथी बाईपास से जिला चिकित्सालय मार्ग पर आयोजित किया गया। स्वच्छता अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों की सफाई सुनिश्चित करना, आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और पर्यावरण सुरक्षा में जनभागीदारी बढ़ाना रहा। जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने बताया कि स्वच्छता सिर्फ एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि इसे जन–आंदोलन के रूप में अपनाना होगा।

उधर टिहरी जिले के पंछी कुंज, बादशाही थौल में भी वृहद स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। जिला प्रशासन ने जिले के सभी  अधिकारियों को स्थानीय निकायों, तहसीलों, कार्यालयों और अन्य क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाने को कहा गया। इसके अलावा चंपावत जिले के विभिन्न स्थानो में भी वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया।

**धरोहर संवाद–2025**

श्रीनगर गढ़वाल के हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय धरोहर संवाद–2025 कार्यक्रम का शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के शिल्प, परंपरागत मेलों, सांस्कृतिक और धार्मिक यात्राओं, नौलों–धारों और रामलीलाओं को धरोहर घोषित करने का प्रस्ताव सरकार को सौंपा गया है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि इस न्यास की ओर से पूरे प्रदेश में गोलज्यू यात्रा शुरू की गई हैं जो अपनी लोक–संस्कृति और परंपराओं के संवर्द्धन के लिए महत्वपूर्ण कार्य है।

**ऑपरेशन सिंधू**

ऑपरेशन सिंधू के अंतर्गत करीब एक हजार एक सौ 17 भारतीयों को ईरान से सुरक्षित निकाल लिया गया है। इस बीच, उत्तराखंड सरकार ने ईरान–इजरायल संघर्ष के मद्देनजर देहरादून के लोगों के लिए टोल फ्री नंबर और हेल्पलाइन नंबर जारी किया है, जो भारत में वापसी करना चाहते है। देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि ऐसे लोगों को ई–मेल– हंकनाहवअज/हउंपसण्बवउ पर अपनी सूचना देनी होगी। इसके साथ ही व्हाट्सएप नंबर 75 34 82 60 66 और लैंडलाइन नंबर 01 35–27 26 066 और टोल फ्री नंबर 1 0 7 7 पर संपर्क कर सकते है।

**समर स्पेशल ट्रेन**

पूर्वोत्तर रेलवे की इज्जतनगर मंडल ने झांसी और लालकुआं के बीच वीरांगना लक्ष्मीबाई समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 24 जून से हर मंगलवार को झांसी से शाम 8 बजकर 15 मिनट पर लालकुआं के लिए रवाना होगी और वहीं 25 जून से प्रत्येक बुधवार को लालकुआं से दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर झांसी के लिए लौटेगी। जिससे उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के यात्रियों को सुविधा होगी। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल–उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट का कहना है कि यह ट्रेन "ट्रेन ऑन डिमांड" के रूप में चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस नई ट्रेन सेवा से क्षेत्रीय यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा प्राप्त होगा।

**मौसम**

प्रदेश में दक्षिण–पश्चिमी मानसून के आगमन के साथ ही कई जिलों में मौसम ने करवट ले ली है। जिसके बाद से कई इलाकों में बारिश का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया है। इसके बाद राज्य आपदा प्राधिकरण ने सभी जिलों के प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। राजधानी देहरादून में सुबह से ही रुक–रुक कर हल्की और मध्यम बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में बारिश की संभावना जताई है।